तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 21 अक्टूबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 पीडब्ल्यूडी ने राशि स्वीकृति के बाद भी नहीं कराई सड़क ...

12 आवक घटने से हरी सब्जियां फिर हुई महंगी, घर का बजट ...


## खबर संक्षेप

### जिले के 600 सहकारी कर्मचारी आज देंगे धरना

**पुरी।** तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जिले के सहकारी कर्मचारियों द्वारा गांधी मैदान धमतरी में 21 व 22 अक्टूबर को धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। नरेंद्र कुमार साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ने बताया कि जिलक की 74 समितियों में कार्यरत लगभग 600 कर्मचारियों द्वारा सामूहिक अवकाश लेकर धरना दिया जायेगा। 22 अक्टूबर को मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, खाद्य मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### कोर्रा में नर्मदेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा आज

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत कोर्रा के बाजार चौक स्थित तालाब में भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित की गई है जिसकी प्राण-प्रतिष्ठा 21 अक्टूबर सोमवार को भागवताचार्य दीदी कल्पना पाण्डेय द्वारा की जायेगी। सुबह 7 बजे वेदी पूजन, 10 बजे शीतला मंदिर से कैलाश मानसरोवर तक कलश यात्रा, दोपहर 2 बजे प्राण-प्रतिष्ठा, यज्ञ अनुष्ठान, पूर्णाहुति पश्चात भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुद विधायक अजय चंद्राकर होंगे। यह जानकारी सरपंच चोवाराम साहू ने दी है।

### प्रारंभिक शिक्षा वर्ग खंड का समापन आज

**नगरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक खंड नगरी का प्रारंभिक शिक्षा वर्ग खंड 18 अक्टूबर से आरंभ हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी व्यक्तित्व निर्माण पर स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसका समापन 21 अक्टूबर को सरस्वती शिशु मंदिर जंगलपारा नगरी में होगा।

### पानी टंकी में डूबने से मासूम की मौत

**धमतरी।** पानी टंकी में डूब जाने से डेढ़ साल के मासूम की मौत हो गई। अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम खरेंगा के बाजार चौक में यह



घटना घटी। डेढ़ साल का युवांश साहू खेलते-खेलते बाड़ी में बनी पानी टंकी में जा पहुंचा। थोड़ी देर बाद परिजन टंकी के पास गये तो उनके होश उड़ गए। बच्चा पानी टंकी में गिर गया था। यह देखते ही घर में चीख पुकार मच गई। तत्काल बच्चे को जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से गांव में शोक की लहर फैल गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मर्ग, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

### गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी

**धमतरी।** बेलरगांव तहसील में पिछले दो दिनों में हल्की मध्यम बारिश हुई है। मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को प्रदेश के एक दो स्थानों में गरज-चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी दी है। वहीं सोमवार को बस्तर संभाग के जिलों में हल्की मध्यम बारिश के आसार है। इसके बाद वर्षा की गतिविधियों में नमी आने की संभावना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और इससे सटे अंडमान सागर में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने वाला है। यह 22 अक्टूबर को तीव्र होकर अवदाब में बदलने के बाद 23 अक्टूबर को चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है। दक्षिण मध्य बंगाल की खाड़ी के उपर उपरी हवा का चक्रवाती परिसंरक्षण हुआ है। इससे प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान 33 से 25 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

### मार्निंग वॉक पर निकले कक्षा छठवीं के दो छात्रों को हाइवा ने रौंदा

# सड़क पर शव रखकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रेत से भरे हाइवा ने दो बच्चों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनकी मौत हो गई। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। छात्रों के शव को सड़क पर रखकर ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। आश्वासन के बाद शाम 5 बजे ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया। इसके बाद अंतिम संस्कार किया गया।

मामला केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सलोनी का है। यहां कक्षा छठवीं के छात्र योगेंद्र यादव उम्र 12 वर्ष पिता चोवाराम यादव और नीरज ध्रुव उम्र 12 साल पिता आस कुमार रविवार को सुबह मार्निंग वॉक पर झरझरा नाला तक गए थे। वे रोजाना दौड़ने की प्रैक्टिस करते थे। लगभग 5.30 बजे सिंचाई कॉलोनी के पास रेत से भरे हाइवा क्रमांक सीजी 07सीसी 9021 ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद ड्राइवर हाइवा छोड़कर फरार हो गया। योगेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। नीरज को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सुबह 7 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इस दुखद घटना की खबर जैसे ही ग्रामीणों को मिली, वे आक्रोशित हो गए और चक्काजाम कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद छात्रों का शव गांव पहुंचा तो ग्रामीणों ने शवों को सड़क पर रखकर आंदोलन किया।

थाना प्रभारी केरेगांव दलबल के साथ वहां मौजूद थे। अधिकारियों का दल भी मौके पर पहुंच गया। काफी मान मनौव्वल के बाद शाम को चक्काजाम समाप्त हुआ।

#### एक युवक घायल

इस घटना को अंजाम देने बाद हाइवा ने लीलर निवासी एक अन्य युवक झम्मन लाल यादव उम्र 17 वर्ष को अपनी चपेट में ले लिया। वह भी सलोनी की ओर दौड़ने के लिए गया था। कुछ लोगों ने गंभीर घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उसका इलाज जारी है।



#### मुख्यमंत्री ने दी सहायता

ग्रामीण पीड़ित परिवारों को 50-50 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने की मांग कर रहे थे। इस संबंध में अपर कलेक्टर जीआर मरकाम ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आहत परिवारों को 4-4 लाख रुपए देने की घोषणा की है। रेत के अवैध उत्खनन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। रात 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक सड़कों पर हाइवा को प्रतिबंधित किया गया है। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त शिक्षा विभाग से छात्रों के परिवारों को 1-1 लाख रुपए छात्र बीमा की राशि दी जाएगी।

#### कई बार हुई दुर्घटना

ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर रोजाना सैकड़ों हाइवा दौड़ते हैं। दोनर सहित कई खदानों से रेत भरकर हाइवा इसी मार्ग से आवाजाही करते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। पहले भी कई बार दुर्घटना हो चुकी है। लोगों की जान भी जा चुकी है। इसके बाद भी हाइवा सहित अन्य भारी वाहनों का चलना बंद नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने इस मार्ग पर हाइवा की आवाजाही को प्रतिबंधित करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि हाइवा प्रतिबंधित नहीं किया जाता है तो वे इससे ज्यादा उग्र आंदोलन करेंगे।

## हादसे में दो बाइक सवार युवक घायल





- हाईस्कूल सिर्री और अछोटी मोड़ के बीच हाइवा-बाइक में भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

हाईस्कूल सिर्री और अछोटी मोड़ के बीच हाइवा और बाइक सवार युवकों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। बाइक सवार दोनों युवकों को गंभीर चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम साढ़े 7 बजे कोड़ेबोड़ की ओर से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 07 एलपी 4768 पर दो युवक रमेश यादव 30 वर्ष पिता स्व. इतवारी यादव, राजेश बंजारे 35 वर्ष पिता मेहतर बंजारे ग्राम गोबरा नयापारा राजिम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अछोटी मोड़ और हाईस्कूल सिर्री के बीच रास्ते में बिछी हुई गिट्टी के कारण से बाइक चालक का बैलेंस बिगड़ गया और रेत से भरे हाइवा क्रमांक सीजी 04 पीजे 4277 के साथ उसकी जबरदस्त भिड़ंत हो गई। बाइक सवार युवक गाड़ी के सामने घुस गए। युवकों के हाथ और पैर में गंभीर चोट आई है। एम्बुलेंस से घायलों को अस्पताल ले जाया गया। ग्रामीणों की सूचना पाकर बिरेझर पुलिस चौकी की टीम घटनास्थल पहुंची। ग्रामीणों ने बताया कि सिर्री से कोड़ेबोड मुख्य मार्ग की स्थिति बहुत ही खराब हो चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। आने जाने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में गिट्टी बिछाकर गड्ढों को भर दिया गया है जिससे राहगीरों की जान पर हमेशा खतरा बना हुआ है। मार्ग में बिछी हुई गिट्टियों की वजह से यह हादसा हुआ है।

### खनिज विभाग की कार्रवाई के डर से कई खदान बंद, रेत के दाम बढ़े

## वैध खदानों में उत्खनन को मिली छूट, फिर भी नहीं रूक रही चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बारिश का मौसम समाप्त होते ही रेत खदानों में लगा प्रतिबंध हट गया है। उधर रेत उत्खनन का काला कारोबार भी जोर पकड़ने लगा है। स्थिति को देखते हुए खनिज विभाग ने भी धुआंधार कार्रवाई शुरू कर दी है। बड़ी संख्या में वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। खनिज विभाग की कार्रवाई को देखते हुए कई रेत खदानों को बंद कर दिया गया है।

बारिश में चार माह तक नदी में रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। अवैध खदानों के साथ जिले की पांच वैध खदानों को भी बंद कर दिया गया था। अब बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद 16 अक्टूबर से जिले की पांचों वैध खदानों में उत्खनन की अनुमति है। जानकारी के अनुसार जिले में केवल परेवाडीह, दोनर, दर्री, बारना और सोनेवारा खदान ही वैध हैं लेकिन अब तक ये खदानें ढंग से शुरू नहीं हो पाई हैं। उधर खनिज विभाग ने अवैध उत्खनन को रोकने के लिए धुआंधार कार्रवाई भी शुरू कर दी है। अवैध रूप से रेत का परिवहन करने वाले वाहनों को रोजाना पकड़कर चालान काटा जा रहा है। स्थिति को देखते हुए जिले की कई वैध और अवैध खदानों को फिलहाल बंद कर दिया गया है। उधर रेत खदानों के बंद होते हुए रेत के दाम बढ़ने लगे हैं। एक दो खदान चालू हैं, जहां से रिस्क लेकर रेत माफिया रेत निकाल रहे हैं और मार्केट में ज्यादा दाम में बेच रहे हैं।



#### इसलिए आ रही समस्या

रेत से भरे हाइवा से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। रविवार को भी दर्दनाक दुर्घटना में दो छात्रों की मौत हो गई। लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने दिन में हाइवा की एंट्री शहर में बंद करवा दी है। रात 10 बजे के बाद नो एंट्री खोली जाती है। सुबह 6 बजे फिर से प्रतिबंध लगा दिया जाता है। दिन भर नो एंट्री के कारण हाइवा नहीं चल पा रहे हैं। इसके चलते खदानों में भी सिर्फ रात में ही काम हो पा रहा है।

#### स्थानीय स्तर पर सप्लाई बाधित

धमतरी सहित आसपास के इलाकों में ट्रैक्टरों से रेत की सप्लाई होती है। ट्रैक्टर संचालक अछोटा, तेंदूकोना, अमेठी आदि खदानों से रेत का उत्खनन करते हैं। पिछले दो दिन से इन खदानों को बंद कर दिया गया है। जिसके चलते शहर सहित आसपास के क्षेत्र में रेत की सप्लाई बाधित हो गई है। उधर कई हाइवा संचालकों ने भी फिलहाल काम बंद दिया है। रेत खदानों में अच्छी खासी राशि देने के बाद भी उन्हें रायल्टी पर्ची नहीं दी जाती है। रायल्टी पर्ची के लिए अलग से राशि वसूली जाती है, जिससे रेत का रेट दोगुना हो जाता है। इस कारण भी हाइवा संचालक फिलहाल रिस्क नहीं ले रहे हैं।

## खरीफ फसल सिंचाई के लिए गंगरेल में 31 फीसदी पानी

- 11 टीएमसी पानी नदी में बहाया, बांधों में 7 फीसदी पानी शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस साल की अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। महानदी परियोजना के चारों बांध लबालब होने से किसानों को पयाप्त मात्रा में सिंचाई पानी मिला है। गंगरेल बांध से सिंचाई के लिए 31 टीएमसी से अधिक पानी दिया गया है। वहीं 11 टीएमसी पानी नदी में छोड़ा गया है।

सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गंगरेल बांध में 1 जून से अब तक 58.055 टीएमसी पानी की आवक हुई है। यानी गंगरेल बांध की केपिसिटी का दोगुना पानी आया है। सिंचाई पानी की डिमांड को देखते हुए अगस्त माह के पहले सप्ताह से सिंचाई पानी के लिए गंगरेल बांध के माध्यम से 32.23 टीएमसी पानी छोड़ा जा चुका है। रविवार को गंगरेल बांध में उपयोगी पानी 20.112 टीएमसी है। यहां बांध की क्षमता का 75 फीसदी पानी जमा है। गंगरेल बांध में पानी की आवक 1479 क्यूसेक तथा आवक 819 क्यूसेक हो रही है। ज्ञात हो कि गंगरेल से नदी में 11.793 टीएमसी पानी फ्लड किया गया है।




#### दुधावा बांध में 60 फीसदी पानी

जिले में महानदी परियोजना के दूसरे बड़े बांध दुधावा की क्षमता 10 टीएमसी है। यहां रविवार को 5.776 टीएमसी शेष है। बांध में पानी की आवक 388 क्यूसेक तथा आवक 700 क्यूसेक बनी हुई है। बताया गया है कि दुधावा का पानी गंगरेल में शिफ्ट किया गया है ताकि बांध के कैचमेंट एरिया में रबी फसल लगाई जा सके। मुरूमसिल्ली बांध में 4.800 टीएमसी पानी है। यहां पानी की आवक-जाचक जीरो है। बांध में क्षमात का 84 फीसदी पानी है। सोंदूर बांध में 4.744 टीएमसी पानी के साथ 75 प्रतिशत पानी है। बांध में पानी की आवक जावक नील है।

## जिले के 6 प्रधान आरक्षक बने सहायक उपनिरीक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के 6 प्रधान आरक्षकों की सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुई। पुलिस अधीक्षक ने स्टार लगाकर उन्हें शुभकामनाएं दी।

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा के आदेशानुसार पदोन्नति हेतु जारी योग्यता सूची वर्ष 2024 के अनुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय एवं उपपुलिस अधीक्षक भावेश साव ने 6 प्रधान आरक्षक को स्टार लगाकर सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की। जामवंत देशमुख भेनू राम वर्मा, नरेश राम साहू, कांतिलाल साहू, राजेश कुमार दीवान, श्रीराम यादव को पदोन्नति प्रदान की गई।



पुलिस अधीक्षक श्री वार्ष्णेय ने इस अवसर पर पदोन्नत अधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि पदोन्नति निम्न पद से बेहतर कार्य करने के पश्चात उच्च पद की ओर बढ़ने वाली प्रगति है। इसमें कर्तव्यों में भी परिवर्तन आ जाता है। जिम्मेदारी एवं कार्यों में भी वृद्धि होती है।

इस अवसर पर उपपुलिस अधीक्षक भावेश साव, निरीक्षक (एम) अखिलेश शुक्ला, प्रआर डिगेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### चंद्र दर्शन कर छलनी से पति का चेहरा देखकर उपवास तोड़ा, लेडीज क्लब ने मनाया करवा चौथ पर्व

# सुहागिन महिलाओं ने रखा करवा चौथ का निर्जला उपवास

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी पर रविवार को सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा। सुबह स्नान आदि से निवृत्त होकर भगवान शिव, पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, करवा माता की पूजा-अर्चना कर निर्जला व्रत रखने का संकल्प लिया। दोपहर को सोलह श्रृंगार कर सामूहिक रूप से करवा माता की पूजा-अर्चना की एवं कथा सुनी। रात को दीपक जलाकर छलनी से चांद के दर्शन कर पति का चेहरा देखकर उपवास तोड़ा। पति की दीर्घायु व घर परिवार की सुख-शांति की कामना को लेकर महिलाओं ने व्रत को श्रद्धा भाव से किया।

पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि करवा चौथ दो शब्दों से मिलकर बना है। करवा अर्थात मिट्टी का बर्तन, चौथ अर्थात चतुर्थी। इसका व्रत में विशेष महत्व है। करवा चौथ का व्रत पति-पत्नी के मजबूत रिश्ते, प्यार, विश्वास का प्रतीक है। इस व्रत में शिव, पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, करवा माता का विशेष पूजन किया जाता है। करवा चौथ की कथा का श्रवण कर व्रत पूरा करती है। विधि-विधान और श्रद्धा भाव से व्रत करने से व्रती महिलाएं व उनके परिवार को विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है। विवाहित महिलाओं का सुहाग बना रहता है। अविवाहित कन्याओं को सुयोग्य वर की प्राप्ति होती है। घर में सुख, शांति, समृद्धि, संतान सुख की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि करवा चौथ व्रत के बाद चंद्रमा की पूजा करने से घर में सुख-शांति बनी रहती है। चंद्रदेव अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद देते हैं। माता पार्वती के स्वरूप करवा चौथ माता का आशीर्वाद जीवनभर बना रहता है।



#### जगह-जगह हुआ सामूहिक पूजन

शहर सहित अंचल में सुहागिन व्रती महिलाओं ने करवा चौथ की विधि-विधान से सामूहिक पूजा की। शहर के सभी वार्डों में महिलाएं सामूहिक पूजन में शामिल हुईं। शहर के गोकुलपुर वार्ड की कृदत्त कालोनी में नीता रणसिंह के निवास पर लेडीज क्लब द्वारा सामूहिक पूजा का आयोजन किया गया। आयोजन शुभ्रा गौर व शिरीन हाशमी के सौजन्य से हुआ। करवा चौथ पूजन के बाद सती मां वीरावली की कथा का वाचन माधवी शर्मा एवं लीला शर्मा ने किया। परस्पर थाली बदलने की विशेष परंपरा का निर्वहन हुआ। पूजा के बाद सर्वश्रेष्ठ मेहंदी, सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता हुई। प्रश्नोत्तरी के साथ मनोरंजक गेम्स हुए। प्रतियोगिता में रेणु खनूजा, आरती कौशिक, पूनम सिंग, उषा गुप्ता, शारदा साहू, ज्योति गुप्ता, माधवी शर्मा, चंदा शर्मा, काजल सिंह, सरला खंडेलवाल, गायत्री साहू, कामिनी कौशिक, आरती कौशिक, लीला शर्मा, पूनम सिंग ने पुरस्कार प्राप्त किया।

हरिभूमि पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

किसानों ने गेहूं, चना, उड़द एवं सब्जी फसल के लिए ऋण लेने किया आवेदन

# भूजल संरक्षण : दलहन-तिलहन फसल लेने 85 किसानों ने लिया 30 लाख रूपए का ऋण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

जिले में बढ़ते भूजल स्तर के मद्देनजर पारम्परिक धान की खेती करने वाले किसानों की मनोदशा में परिवर्तन कर फसल चक्र परिवर्तन योजना को सफल बनाने किसानों को ऋण प्रदान किया जा रहा है। इसके तहत आयोजित दो दिवसीय शिविर में जिला सहकारी बैंक कुरुद अंतर्गत आने वाले 85 किसानों ने करीब 30 लाख रुपये का ऋण लेकर दलहन-तिलहन के अलावा नगदी फसल लेने की मंशा दिखाई है।

गौरतलब है कि जिले में लगातार गिरते भू-जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन फसल चक्र परिवर्तन पर जोर दे रहा है। इसके तहत रबी सीजन में धान के बदले दलहन-तिलहन की खेती करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर इसके लिए फसल ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी के तहत 19 एवं 20 अक्टूबर को जिले की सोसायटियों में ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला सहकारी बैंक कुरुद अंतर्गत आने वाले चर्रा, बगौद, भाठागांव, कुरुद, कातलबोड़, सिवनीकला, मंदरौद, कुहकुहा, गाड़ाडीह सोसाइटी के 85 किसानों ने करीब 200 एकड़ रकबा में दलहन-तिलहन लगाने 29 लाख 82 हजार से अधिक का ऋण लेने आवेदन प्रस्तुत किया है।



## 200 एकड़ रकबा के लिए वितरित हो चुका है ऋण

शाखा प्रबंधक टीके बैस ने बताया कि रविवार को भी किसान ऋण लेने के लिए केन्द्रों में पहुंचे थे। अब तक कुल 85 किसानों ने 80.30 हेक्टेयर में दलहन-तिलहन या सब्जी उगाने के लिए 29 लाख 82 हजार 302 रुपये का ऋण लिखाया है। कुरुद समिति प्रबंधक त्रिलोचन बांसकार, ऑपरेटर रमाकांत सेन ने कहा कि शिविर के दूसरे दिन भी किसानों ने गेहूं, चना, उड़द, अरहर एवं सब्जी फसल के लिए ऋण की मांग की है। इसके अलावा क्षेत्र की अन्य समितियों में भी फसल चक्र परिवर्तन करने के इच्छुक किसान ऋण की मांग और कृषि अधिकारियों से मार्गदर्शन ले रहे हैं।

## प्रमाणित बीजों के विक्रय के लिए दर निर्धारित

जिला प्रशासन से मिली गाइडलाइन के आधार पर प्रबंधक श्री बैस ने बताया कि रबी फसलों का विक्रय किसान ई-एनएएम एवं ई समृद्धि पोर्टल में पंजीयन पश्चात कर सकते हैं। इसके साथ ही किसान उद्यानिकी फसलों के लिए भी ऋण ले सकते हैं। राज्य स्तरीय बीज विक्रय दर निर्धारण समिति द्वारा अनुमोदित रबी सीजन 2024-25 हेतु अनाज, दलहन एवं तिलहन के प्रमाणित बीजों का विक्रय दर निर्धारित किया गया है। जिसमें रबी 2024-25 में विक्रय हेतु गेहूं उच्च किस्म के लिए प्रति क्विंटल दर रूपए 3910, गेहूं बौनी 10 वर्ष के अंदर के लिए 3670 रूपए और 10 वर्ष से बाहर के लिए 3870 रूपए दर निर्धारित किया गया है। चना 10 वर्ष के अंदर के लिए 8665 रुपए और 10 वर्ष से बाहर के लिए 9085 रूपए निश्चित है। मटर की समस्त किस्मों के लिए 9550 रूपए, मसूर के लिए 10 हजार रुपए, मूंग के लिए 11500 रुपए, उड़द के लिए 12600 रुपए, तिवड़ा के लिए 6120 रुपए, सरसों 7770 रुपए, अलसी के लिए 9765 रूपए, कुसुम 8760 रुपए और मूंगफल्ली के लिए 10795 रुपए प्रति क्विंटल दर निर्धारित की गई है।

# राखड़ से भरा ट्रक पलटा बाल-बाल बचा ड्राइवर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

केरेगांव रोड पर थाना के आगे सड़क हादसा हुआ जिसमें ट्रक ड्राइवर बाल-बाल बचा।

मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीएच 3384 शनिवार को शाम 4 बजे राखड़ लोड कर धमतरी से केरेगांव बाजार के लिए निकला था। अचानक राखड़ से भरा वाहन केरेगांव थाना के आगे पलट गया। इस घटना में ट्रक ड्राइवर को मामूली चोट आई है।

## खबर संक्षेप

### संकरी में भाजपाइयों ने किया बुजुर्गों का सम्मान

सिर्री। ग्राम संकरी में शरद पूर्णिमा पर भाजपा परिवार ने शरद पूर्णिमा उत्सव समिति के सहयोग से ग्राम के बुजुर्ग व्यक्तियों का सम्मान किया। इन्होंन सामाजिक एवं ग्रामीण अध्यक्ष के रूप में सर्व समाज को सेवा दी है। मौके पर श्यामलाल साहू, दिलीप साहू, गजानन साहू, पवन साहू, दशवंतराम साहू, कमलराम साहू, दीनदयाल साहू, जीवधान साहू, महेंद्र साहू, गोविंद साहू, शिवा साहू, रामरतन साहू, सुखदेवराम साहू, भूखऊराम साहू, ग्वालराम यादव का सम्मान किया गया। इस दौरान रामखिलावन साहू, भगवानीराम साहू, गज्जूराम साहू, राजेंद्र सोनबिस्तर, योगेश साहू, महेंद्र साहू, रमेश साहू, दानेश्वर साहू, नेतराम साहू, झुमुकलाल साहू, नेतराम पंच, संतोष साहू, हरिशंकर साहू, किशोर साहू, रोहित साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

# सड़क किनारे चेकर टाइल्स नहीं लगने से रोष






■ रामपुर के ग्रामीणों ने लगाया भेदभाव का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

एडीबी प्रोजेक्ट द्वारा ग्राम कल्ले से आमदी तक करोड़ों रुपए की लागत से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य पूर्णतः की ओर है। सड़क की गुणवत्ता और सौंदर्यता के लिए सड़क की पाई में चेकर टाइल्स लगाया जा रहा है। चेकर टाइल्स बिछाने का काम कल्ले से आमदी तक किया जा रहा है लेकिन ग्राम रामपुर की सड़क पर चेकर टाइल्स नहीं लगाने से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने एडीबी प्रोजेक्ट पर भेदभाव का आरोप लगाया है। बता दें कि एडीबी प्रोजेक्ट द्वारा ग्राम कल्ले से आमदी तक सड़क बनाई जा रही है। सड़क निर्माण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में सड़क की दायीं और बायीं ओर चेकर टाइल्स लगाया गया है लेकिन ग्राम रामपुर में टाइल्स नहीं लगाया गया है जिससे पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों में काफी नाराजगी है।



योगेश साहू



तुषार साहू

ग्राम रामपुर निवासी योगेश साहू ने बताया कि चेकर टाइल्स के लिए जगह छोड़ी गई है लेकिन चेकर टाइल्स नहीं लगाने से सड़क के किनारे गड्ढे हो गए हैं जो बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। कई लोग फिसलकर गिर चुके हैं। तुषार साहू ने बताया कि चेकर टाइल्स लगने से शासन प्रशासन के विकास कार्य के ऊपर लोगों की नजर जाती है लेकिन चेकर टाइल्स नहीं लगने से अभी भी सड़क ज्यों की त्यों दिख रही है । गांव में सुंदरता नहीं दिखाई दे रही है। उन्होंने शासन-प्रशासन से इसकी जांच करवाकर विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार को तुरंत चेकर टाइल्स लगवाने आदेशित करने मांग की है।

इस संबंध में सरपंच सुभाष सेन ने बताया कि इस मामले में ग्राम पंचायत द्वारा एडीबी प्रोजेक्ट को कई बार अवगत कराया गया है लेकिन अब तक चेकर टाइल्स नहीं बिछाया गया है।

# कबीर ने हमें सत्य के मार्ग में चलने की प्रेरणा दी : अंबिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

पनिका समाज बेलर क्षेत्र के कार्यक्रम में विधायक अंबिका मरकाम बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। सामाजिक बंधुओं ने उनका स्वागत किया। श्रीमती मरकाम को मांग पत्र सौंपा गया।

इस दौरान अंबिका मरकाम ने कहा कि पनिका समाज के लोग कबीर साहब के बताए गए मार्ग पर चलने वाले अनुयायी होते हैं। कबीर साहेब ने कहा है कि हमेशा सत्य के मार्ग में चलकर सभी को एक समान नजर से देखना चाहिए। समाज को



शिक्षित होना जरूरी है। आज समाज को कदम से कदम मिलाकर चलने की जरूरत है ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास किया जा सके। विधायक ने संबंधित मांग को पूरा करने का आश्वासन किया। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी दौवा लाल देवांगन, उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानेंद्र ठाकुर, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी भूषण साहू, आसकरण पटेल व सामाजिक जन उपस्थित थे।

# रक्त दानदाताओं को हेलमेट व प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

■ परिक्षेत्र साहू समाज दरबा ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

साहू समाज दरबा परिक्षेत्र द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन साहू समाज परिक्षेत्रीय भवन ग्राम बिरेझर में रखा गया था। युवाओं के साथ महिलाओं ने भी उत्साह दिखाते हुए रक्तदान किया। कुल 120 व्यक्तियों की रक्त जांच की गई। 80 यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान संदेश दिया कि रक्तदान के अनेक फायदे हैं। इससे हार्ट अटैक की संभावना कम होती है। रक्तदान





करने से मोटापा, वजन कम करने में मदद मिलती है। रक्तदान से शरीर में एनर्जी आती है। रक्तदान हर 3 महीने के बाद किया जा सकता है। जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने रक्तदान की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए रक्तदान के लिए सर्व समाज को प्रेरित किया। अंगदान करने के लिए आव्हान किया। रक्त दानदाताओं को समाज द्वारा हेलमेट व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष राधेश्याम साहू, दरबा परिक्षेत्र अध्यक्ष कमलेश साहू, जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, कोषाध्यक्ष आरके साहू, संरक्षक विश्वनाथ साहू, ललित चौधरी, तुलेंद्र साहू, संतराम साहू, नागेश्वर प्रसाद साहू, मंशाराम साहू, तीरथ राम साहू, फूलसिंग साहू, अलख साहू, रामचंद्र साहू, दुलारुराम साहू, भुनेश्वर साहू, सुबोध साहू, डोमन साहू, नीलम साहू, भंवरलाल साहू, पुष्पेंद्र साहू, दयाराम साहू, मानस सेवा ब्लड सेंटर धमतरी के नितेश साहू, नागेश साहू, नम्रता साहू, पारस कुमार, जेपी सिन्हा, अशोक साहू, एलके साहू सहित अन्य मौजूद

# कोसरिया मरार पटेल समाज का परिचय सम्मेलन 17 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज के कोर ग्रुप की बैठक पटेल विद्या मंदिर रायपुर में हुई जिसमें छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज का प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 17 नवंबर को धमधा में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। परिचय माला पुस्तिका प्रकाशन के लिए विवाह योग्य समाज के युवक-युवती का निःशुल्क बायो डेटा संकलन प्रभारियों के पास 5 नवंबर तक अनिवार्य रूप से जमा किए जाने की सहमति बनी। बैठक में डाही निवासी एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष लीलार सिंह पटेल, भखारा निवासी प्रदेश




महामंत्री एवं बगौद राज अध्यक्ष सियाराम पटेल भी उपस्थित हुए।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल, संयोजक राजेंद्र नायक पटेल, संरक्षक अमर सिंह पटेल, लोचन पटेल, रामेश्वर पटेल, महासचिव ललित पटेल, उपाध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल, खेलूराम पटेल, पवन पटेल, कुबेर पटेल, डॉ घनश्याम पटेल, उपकोषाध्यक्ष शिवनारायण पटेल, राजनीति प्रकोष्ठ अध्यक्ष यज्ञदेव पटेल, श्रीमती सतरूपा पटेल महिला प्रकोष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष, राजकुमार पटेल रायपुर राज अध्यक्ष उपस्थित थे। यह जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी विमल पटेल ने दी है।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 231 छात्रों ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कन्या माध्यमिक शाला एवं नवीन प्राथमिक शाला मड़ेली में शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री परिवार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। कक्षा नवमी में 57 विद्यार्थी, दसवीं में 42, ग्यारहवीं में 46, बारहवीं 39, माध्यमिक शाला में 30 एवं प्राथमिक शाला में 17 कुल 231 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मनोज कुमार टंडन प्राचार्य, गीता यादव, तृप्ति सोनी, मंजुलता ध्रुव, पूनम साहू, संजय साहू, पूर्णिमा साहू प्रधान पाठक, योगेश्वरी साहू, हेमंत कुमार ध्रुव और गायत्री परिवार से टीकाराम साहू, पोखराज साहू एवं गणेश राम बैस का विशेष सहयोग रहा।

# चंदनबिरही के किसान गर्मी में लेंगे दलहन तिलहन की फसल

■ गांव में बैठक कर किसानों ने सर्वसम्मति से लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर(धमतरी)

जल संकट को देखते हुए ग्राम चंदनबिरही के किसानों ने ग्रीष्मकालीन फसल में धान के बदले दलहन तिलहन लेने का निर्णय लिया है। गांव में बैठक कर सभी किसानों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है।

गुरूर विकासखंड के ग्राम चंदनबिरही में प्रशासन की पहल पर ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास समिति ने बैठक कर पिछले वर्ष हुए निस्तारी एवं पेयजल संकट के बारे में किसानों को अवगत कराते हुए उनसे अपील की कि इस वर्ष गांव मेंपानी की समस्या पैदा न हो। ग्रीष्मकालीन धान फसल में बहुत अधिक पानी की आवश्यकता होती है। इससे पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस पर ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस वर्ष गर्मी में सभी किसान धान के बदले दलहन, तिलहन एवं कम पानी मांग वाली फसल लेंगे।

सरपंच रामस्वरूप साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष राजेश उइके, सचिव जितेन्द्र कुमार, ज्ञानेश्वर सोनवानी, धनश्याम सोनवानी, हेमप्रकाश गंजीर ने बताया कि पिछले वर्ष किसानों ने ग्रीष्मकालीन धान की फसल ली थी। कुछ दिनों के बाद जलस्तर नीचे हो जाने के कारण बोर सूखने लग गए। जैसे तैसे किसानों ने अपनी फसल को बचा पाया। कई किसानों को काफी नुकसान भी उठाना पड़ा है। वहीं जल स्तर नीचे हो जाने के कारण गांव में पेयजल की काफी समस्या हो गई थी।

सरपंच रामस्वरूप साहू ने बताया कि गांव से लगे हुए आसपास के किसानों से भी संपर्क कर गर्मी के दिनों में पानी की बर्बादी को रोकने हेतु कम पानी की मांग वाली फसल दलहन तिलहन लेने किसानों से अपील कर रहे हैं। किसानों को जागरूक होकर फसल चक्र परिवर्तन की ओर ध्यान देना चाहिए।

श्री ध्रुव ने अपने 40 वर्ष के शिक्षा जगत के अनुभव बताया

# सेवानिवृत्त शिक्षक सूरसेन का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

शासकीय कन्या माध्यमिक कोसमर्रा में कार्यरत शिक्षक सूरसेन ध्रुव को सेवानिवृत्त होने पर उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य सीआर साहू ने कहा कि सूरसेन ध्रुव का शिक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय तथा अनुकरणीय कार्य रहा है। पूरे 40 वर्षों तक पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ बच्चों को शिक्षा दी। प्रधानपाठक ललित साहू, हेमंत कुमार साहू, आरडी साहू, उत्तम कुमार केतवानी, ईश्वर साहू ने कहा कि सूरसेन एक



आदर्श शिक्षक के साथ सरल एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। विद्यार्थियों एवं साथी शिक्षकों के साथ सदैव मित्रवत व्यवहार रहा।

सेवानिवृत्त शिक्षक सूरसेन ध्रुव ने अपने 40 वर्षों के शिक्षा जगत के अनुभव को रखा। उन्होंने बताया कि मगरलोड ब्लाक से ग्राम धौराभांठा, सोनपैरी, बेन्द्राचुवा, कुरूद ब्लाक से देवरी, भठेली के विद्यालयों में सेवा प्रदान की। वर्तमान में कन्या माध्यमिक शाला कोसमर्रा से सेवानिवृत्त हुआ। शिक्षिका माधुरी डड़सेना ने विदाई गीत गाया।

इस अवसर पर संकुल केन्द्र कोसमर्रा के समस्त शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षक सूरसेन को श्रीफल, शाल, प्रतीक चिन्ह, सम्मान पत्र भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रधान पाठक कमलेश्वरी साहू, विमल प्रकाश पटेल, पूर्णिमा साहू समेत अन्य

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201




सामान्य सभा की बैठक में एसडीओ के खिलाफ कार्रवाई के लिए हुआ प्रस्ताव

# पीडब्ल्यूडी ने राशि स्वीकृति के बाद भी नहीं कराई सड़क की मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जनपद पंचायत कुरूद की सामान्य सभा की बैठक में खराब सड़क मरम्मत कार्य हेतु स्वीकृत राशि का उपयोग मरम्मत कार्य में नहीं किये जाने के कारण लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी आरएस गंजीर के लिए अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु कलेक्टर को पत्र प्रेषित करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। साथ ही दीपावली के पूर्व सभी मरम्मत कार्य पूर्ण कराने निर्देशित किया गया है।



शुक्रवार को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में शारदा लोकनाथ साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभागवार चर्चा की गई। महिला बाल विकास विभाग, महतारी वंदन योजना के लाभान्वित हितग्राही की जानकारी, शिक्षा विभाग के तहत रुर्बन मिशन क्षेत्र अंतर्गत 13 हाईस्कूलों में स्मार्ट क्लॉस संचालित है, जिसका उपयोग विद्यार्थियों के बौध्दिक एवं शैक्षणिक विकास हेतु करने निर्देशित किया गया। 1317 प्रधानमंत्री आवास में से 1205 हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरण की जानकारी पटल में रखी गई। बैठक में सीईओ श्री वर्मा के अलावा सभी जनपद सदस्य एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## निजी मेडिकल से दवाई मंगवाने का उठा मुद्दा

स्वास्थ्य विभाग कुरूद अंतर्गत जनपद सदस्य सुनील कुमार गायकवाड़ ने आपत्ति दर्ज कराई कि ग्राम पंचायत अंवरी की एक गर्भवती महिला इलाज के लिए सिविल अस्पताल कुरूद आई थी जिसे डॉक्टरों ने निजी मेडिकल से आयरन सुक्रोज का इन्जेक्शन खरीदकर लाने के बाद उपचार किया जबकि आयरन सुक्रोज निःशुल्क देने का प्रावधान है। इस पर सदस्यों ने आक्रोश व्यक्त किया। बीपीएम पांडे को व्यवस्था सुधारने निर्देशित किया। उपाध्यक्ष जानसिंग यादव ने पुराने मीटर के स्थान पर नये स्मार्ट मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं से सहमति लेने विद्युत कनिष्ठ यंत्री विद्युत विभाग कुरूद को निर्देशित किया।

## पीएचई व पीडब्लूडी विभाग को लेकर दिखी नाराजगी

बैठक में पीएचई कुरूद द्वारा कार्यों की जानकारी दी गई जिसमें नल-जल योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत में निर्मित कार्यों की अनियमितता में नाराजगी व्यक्त कर जांच हेतु समिति गठन का प्रस्ताव संकल्प पारित किया। वहीं पीडब्ल्यूडी अंतर्गत कुरूद एवं मगरलोड क्षेत्र हेतु राशि 79.90 लाख खराब रोड मरम्मत कार्य हेतु स्वीकृत की गई है। राशि का उपयोग रोड मरम्मत कार्य में नहीं किया गया। नतीजन रोड खराब होने के कारण राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने कलेक्टर को पत्र लिखने प्रस्ताव पारित किया गया।

# धनतेरस पर 277 पीएम आवास पर प्रवेश कराने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिपं सीईओ ने की प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा



प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति के संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने समीक्षा की। इस अवसर पर जनपद पंचायत धमतरी एवं मगरलोड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, तकनीकी सहायक एवं ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रथम किस्त प्राप्त 6,433 हितग्राहियों का प्लिंथ जियो टैग कराना सुनिश्चित करें तथा 277 छत पूर्ण आवास को धनतेरस तक प्लास्टर पूर्ण कर गृह प्रवेश कराया जाये। योजनांतर्गत तोड़कर बनाये जाने वाले हितग्राहियों के आवासों का कार्य तत्काल प्रारंभ कराया जाए। प्रथम किस्त प्राप्त प्लिंथ लेवल पर जितने भी आवास का कार्य प्रारंभ हो गया है , उनका मनरेगा योजना के तहत नियोजित श्रमिकों के लिए मस्टररोल निकालकर कार्यों में प्रगति लाये जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये।

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत जितने भी अप्रारंभ आवास है, उसे प्रारंभ कराने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत को दिये। सभी ग्राम पंचायत में आवास प्लस के पात्र हितग्राहियों का प्राथमिकता के साथ दीवार लेखन कराकर फोटोग्राफ एवं संबंधित जानकारी जिला कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें एवं स्वीकृत सभी पात्र हितग्राहियों का स्वीकृति पत्रक घर के बाह्य दीवार पर चस्पा किये जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। आवास निर्माण कार्य में आ रही सभी समस्याओं का समाधान करते हुए डाटा अपडेट भी कराया जाए। सभी तकनीकी सहायक यह भी सुनिश्चित करें कि आवंटित एरिया में जितने भी ग्राम पंचायत आते हैं, उसका रोस्टर तैयार कर जिला कार्यालय को प्रेषित करें।

# नपं कुरुद की प्रारंभिक मतदाता सूची में व्यापक त्रुटि

- स्मार्ट मीटर लगाने से पहले उपभोक्ता से सहमति ले विभाग : जानसिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर पंचायत कुरुद की प्रारंभिक मतदाता सूची में व्यापक त्रुटि का आरोप कांग्रेसियों ने लगाते हुए दावा आपत्ति के लिए समय सीमा बढ़ाने, सर्वे कराने, मुनादी कराने आदि की मांग करते हुए अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार दुर्गा साहू को ज्ञापन सौंपा।



गौरतलब है कि आगामी नगर पंचायत चुनाव के लिए प्रशासन द्वारा मतदाता सूची तैयार करने के लिए 16 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक दावा आपत्ति, नाम जोड़ने, कटाने लिए सभी वार्डों में बीएलओ नियुक्त किया है। लेकिन इसके लिए मतदाता को स्वयं पहुंचकर संशोधन कराना होगा। इसे लेकर कांग्रेसियों ने आपत्ति दर्ज कर समय सीमा बढ़ाने की मांग करते हुए कहा है कि मतदान प्रत्येक मतदाता का अधिकार है जो जिस वार्ड का निवासी है,उसमें उसका नाम होना चाहिए। मृतकों व जो कुछ वर्षों से बाहर चले गये हैं वे वहां नाम जुड़ा लिए हैं, उनका नाम कटना चाहिए।

## एक ही परिवार के लोगों का अलग-अलग वार्डों में नाम

ज्ञापन सौंपने वाले ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चन्द्राकार, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेश्वर साहू, नगर पंचायत सभापति मनीष साहू,डुमेश साहू , रोशन जांगड़े, पार्षद उत्तम साहू, राघवेन्द्र सोनी, पूर्व एल्डरमेन मनोज अग्रवाल, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री पप्पू राजपूत, संतोष प्रजापति, तुकेश साहू आदि ने बताया कि जो 18 वर्ष से अधिक हो गए व नये निवासरत का नाम जुड़ना चाहिए। लेकिन प्रारंभिक सूची में व्यापक अनियमितता है। एक ही परिवार के लोगों का नाम अलग-अलग वार्डों में जोड़ दिया गया है। जो निवासरत है उनका नाम नहीं है जो निवासरत नहीं है ऐसे बहुत से लोगों का नाम है। मृतकों का नाम नहीं कटा है। बहुत से नये मतदाता का नाम नहीं जुड़ा है।

# महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक : रविश दास




**धमतरी।** शासकीय महाविद्यालय कंडेल की रासेयो इकाई द्वारा गांधी जयंती उत्सव का आयोजन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के माध्यम से किया गया। विदित हो कि अजीज प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में पोस्टर, रंगोली, प्रश्न मंच एवं फिल्म प्रदर्शन के माध्यम से गांधी जी के संदेशों को प्रसारित करने का कार्य करता है। पीतांबर सिन्हा सहायक प्राध्यापक ने स्वागत उद्बोधन दिया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के नरेंद्र ने गांधी जी के जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को विद्यार्थियों के समक्ष रखा। प्रश्न मंच के दौरान विद्यार्थियों से गांधी जी के बारे में विभिन्न प्रश्न पूछे गए। पोस्टर प्रदर्शनी में गांधीजी के जन्म से लेकर मृत्यु तक के महत्वपूर्ण घटनाक्रम को दिखाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य प्रो. रविश दास ने कहा कि महात्मा गांधी आज भी भारत के लिए प्रासंगिक हैं। यदि आज की युवा पीढ़ी गांधी के आदर्शों को अपनाते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ेगी तो हमारा देश निश्चित रूप से आगे बढ़ेगा। आभार प्रदर्शन पीतांबर सिन्हा, डॉ संगीता गोयल ने किया। मौके पर सहायक प्राध्यापक लक्ष्मीनारायण सिन्हा, लक्ष्मण सेन, संजय पंवार, कमलेश

# बच्चों की शिक्षा के लिये सामने आए सिंगपुर के युवक

- घर-घर जाकर बच्चों की पढ़ाई की सतत निगरानी भी कर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

बच्चों की शिक्षा दीक्षा को यदि बेहतर बनाना है तो समाज को सामने आना ही होगा। कोई भी समाज स्कूल से मुंह मोड़कर तरक्की नहीं कर सकता। इस बात को भली भाँति जाना एवं समझा है सिंगपुर तथा आसपास के नवयुवकों ने। यही कारण है कि अब ये नवयुवक अपने गांव के बच्चों की शिक्षा दीक्षा में खुलकर सहयोग कर रहे हैं। नवयुवकों ने विद्यालय से जुड़ने एवं विद्यालय को सहयोग देने के लिये हमर संस्कृति, हमर धरोहर मंच का गठन कर स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर के प्राचार्य एवं शिक्षकों से मंच गठन के उद्देश्यों तथा मंच द्वारा स्कूली बच्चों की शिक्षा दीक्षा पर दिए जाने वाले सहयोग पर चर्चा की। विद्यालय के प्राचार्य डॉ व्हीपी चन्द्रा ने नवयुवकों की इस पहल का स्वागत कर एसएमडी के अध्यक्ष धनन्जय साहू, उपाध्यक्ष राधेलाल सिन्हा, एसएमडी के सदस्य अयूब खान, निर्मलकर, डॉ हेमंत साहू, सरपंच फणीश गंगा सागर तथा अन्य सदस्यों को इसकी जानकारी दी। नवयुवकों के साथ विद्यालय प्रबंधन की मीटिंग हुई।



3इस मीटिंग में नवयुवकों ने कहा कि वे लोग बच्चों की स्कूल से घर वापसी के बाद अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कक्षा कार्य को न केवल पूर्ण कराएंगे अपितु घर -घर जाकर स्कूली बच्चों की पढ़ाई की सतत निगरानी भी करेंगे। इस कार्य हेतु नवयुवक मंच के सदस्य वालंटियर की भूमिका में होंगे। हमर संस्कृति, हमर धरोहर मंच द्वारा दायित्व का निर्वहन करते हुए विद्यालय में माध्यमिक तथा हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों के लिये निबंध, चित्रकारी तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कर पुरस्कृत भी किया। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने बच्चों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह एसएमडीसी के अध्यक्ष धनन्जय साहू, उपाध्यक्ष राधेलाल सिन्हा, सदस्य अयूब खान, डॉ हेमंत साहू, विष्णु निर्मलकर, दीप्ति ग्वाल, सफीना बेगम, मुड़केर सरपंच कनेसिंह बट्टी ने दिया। मौके पर हेमंत मरकाम, महेंद्र दीवान, सौरभ कंवर, कुलेश्वर गंगासागर, धर्मेंद्र यादव, जीतू साहू, तोरण दीवान, विजय दीवान, बंटी साहू एवं अनिल सेन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कल्याण कौशल तथा आभार प्रदर्शन आरके साहू ने किया।

## नगर साहू समाज ने मां कर्मा की मूर्ति स्थापित की

**नगरी।** वार्ड क्रमांक 8 में नगर साहू समाज द्वारा संत शिरोमणि कर्मा माता की मूर्ति स्थापना की गई। ज्ञात हो कि कर्मा सामुदायिक भवन नगरी में मंदिर निर्माण किया गया है। यहां विधि -विधान से कर्मा माता की मूर्ति स्थापित की गई। रात्रि में नवयुवक रामायण मंडली लाइनपारा नगरी का रामायण पाठ हुआ। मौके पर नगर साहू समाज अध्यक्ष ईश्वर लाल साहू, उपाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश साहू, सहसचिव हरीश साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष छवि नारायण साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ रूपेंद्र साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुभाष साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनुसुइया साहू, तहसील साहू समाज नगरी के सभूपेंद्र साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष दिनेश साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष तामेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष चेलेश्वरी साहू, महासभा सदस्य रामरतन साहू, सीताबाई साहू उपस्थित थे।

# विधायक ने अछोटा में किया सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने ग्राम अछोटा के शीतलापारा में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इस दौरान विधायक ने गांव में अनुकरणीय कार्य करने वाली महिलाओं को गिफ्ट वितरित किया। मौके पर विधायक ने कहा कि अछोटा आत्मनिर्भर ग्राम बनने की ओर अग्रसर है। इस गांव के लोग छोटे बड़े विकास कार्य के लिए बहुत सक्रिय हैं। यहां लगातार विकास कार्य संपन्न हो रहे हैं। आगे कहा कि एकता एवं एकजुटता से ही विकास होता है। जोन अध्यक्ष जीवराखन देवांगन ने कहा कि विधायक की सक्रियता से क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। सरपंच अरुण देवांगन ने कहा विधायक का कार्यकाल महज 9 माह हुआ है। इतने कम समय में अछोटा को विकास कार्य देना सौभाग्य की बात है । कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण घनश्याम साहू, सरिता यादव जनपद सदस्य, भोलाराम देवांगन अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, वामप्रताप साहू पूर्व जनपद सदस्य, पंकज ध्रुव सचिव ग्राम विकास समिति, सोनू निषाद, पालूराम देवांगन, भानु देवांगन, सुभाष देवांगन, रामनाथ ध्रुव, पुनीतराम निषाद, महमू राम, जयराम ध्रुव, अर्जुन नेताम, मुकेश यादव विधायक प्रतिनिधि कुर्रा, संजू साहू, रामभरोसा तिवारी, अनूप नेताम, केशनी देवांगन, जयंती नागर्ची, निर्मला देवांगन, रमशीला ध्रुव समेत बड़ी संख्या ग्रामवासी उपस्थित थे।









# रासेयो छात्रों ने की पीजी कालेज परिसर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन और राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में नियमित गतिविधियां संचालित की गई। इकाई क्रमांक एक के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के निर्गम मार्ग, ग्रन्थालय, कैंटीन, आईटी बिल्डिंग के समीप के क्षेत्र से सिंगल यूज़ प्लास्टिक का एकत्रीकरण एवं साफ-सफाई की गई। इकाई क्रमांक दो के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में प्रवेश मार्ग, खेल विभाग बिल्डिंग, काउंटर, पार्किंग क्षेत्र एवं मुख्य मार्ग की सफाई की। मौके पर स्वयंसेवक विभा पाण्डे, विवेक साहू, मोनिका साहू, केसर साहू, खिलेंद्र पटेल, रश्मि यादव, संदीप, ओम मरकाम, रविकांत, खुशी, तिलेश्वरी, डोमेंद्री, प्रहलाद, कुलदीप, रामानंद, लोचन, आर्यन, परमानन्द, भूमिका, अभिलाषा, वीणा, नोमिता एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण की जहर सेवन से हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 58 निवासी कार्तिक सरकार ने जहर खा लिया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां से ईलाज कराकर वापस आते समय 18 अक्टूबर को मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। अधेड़ के द्वारा जहर सेवन का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है।

### कन्या महाविद्यालय में कल होगी कार्यशाल

**कांकेर।** कन्या महाविद्यालय में 22 अक्टूबर कोजनजातीय समाज का गौरवषाली अतीत विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पीजी कॉलेज के विधि विभाग के विभागाध्यक्ष विजय बेसरा, गोंडवाना समाज के संभागाध्यक्ष सुमेर नाग, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जेके बारले व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में होगा। कार्यशाला का उद्देश्य जनजातीय अस्मिता, अतीत एवं साथ ही भगवान बिरसा मुंडा ,षहीद वीर नारायण सिंह,गुण्डाधुर जैसे नायकों के स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका के अतिरिक्त अन्य अनाम जनजातीय वीर नायक नायिकाओं को वैश्विक पहचान देना है।

### स्वतंत्रता सेनानी इंदरू केवट की कल पुण्यतिथि

**दुर्गुकोंदल।** सुरूंगदोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इंदरू केंवट की पुण्यतिथि 22 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इंदरू केंवट के पुत्र वधु गौरीबाई निषाद, पौत्र भागीरथी निषाद, संतू निषाद ने बताया कि पुण्यतिथि के अवसर पर समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा, साथ ही स्मृति सभा का आयोजन किया जाएगा। शासन ने सेनानी का दर्जा देकर हमारे परिवार का मान बढ़ाया है, लेकिन सरकार से हम सभी सेनानी परिवार को कोई मदद नहीं दे रही है। हम अपने खर्चे से पुण्यतिथि मनाते हैं। गांव में भी विशेष सुविधा शासन नहीं दे रही है।

### टमाटर 70 रुपए किलो में बिका

**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार में लोकल टमाटर 70 रूपए एवं बेंगलोर का टमाटर 60 रूपए किलो में बिका और लहसून का दर स्थित हो गया, जो 400 रूपए किलो में खरीददार ले रहे। वहीं दशहरा पर्व समाप्त होने पर बाजार में ग्रामीण क्षेत्र के खरीददार नहीं पहुंच रहे हैं। बाजार में रविवार को फूलगोभी 100, पत्तागोभी 40, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 30, भट्टा 60, बरबटी 40, करेला 50, आलू 40, प्याज 60, अदरक 200, लहसून 400 रुपए किलो और लालभाजी 20 रूपए में 10 एवं पालकभाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है।

### दशहरा देखने गए युवक की बाइक की चोरी, चोर की तालाश में पुलिस

**कांकेर।** जिले में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। चोरो ने पुलिस की नाक में दम कर रखा है। चोरी की घटनाओं से संलिप्त कुछ आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता हाथ लगी है, लेकिन चोर अभी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहें है। चिल्हाटी में दशहरा देखने के लिए गए युवक की बाईक को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। पीड़ित ने कोरर थाना में बाईक चोरी होने की शिकायत दर्ज कराया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम घोड़दा निवासी वैष्णव कुमार साहू पिता स्व. सेवन साहू ने पुलिस को बताया कि सुरेली निवासी सुरेश कुमार गोटा पिता कामदेव गोटा से वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएल 2423 को खरीदा था, जिसका नाम ट्रांसफर नही हुआ है। उक्त वाहन को लेकर 16 अक्टूबर को चिल्हाटी में दशहरा देखने के लिए मेरे दोस्त भूपेश बघेल के यहां गया था। रात को लगभग 10 बजे मेरे दोस्त भूपेश बघेल के घर सो गया। दोस्त भूपेश मेरी मोटर सायकल को मांगकर दशहरा देखने दशहरा स्थान गया और वही पास में मोटर सायकल को खड़ी करके कार्यक्रम देखने लगा, कुछ समय बाद वापिस मोटर सायकल के पास आया, परंतु मैने जहाँ मोटर सायकल खड़ा किया था, वहाँ पर नहीं थी। उस दौरान आसपास मौजूद लोगो से पूछताछ किया, लेकिन मोटर सायकल का पता नही चल पाया।

इतवारी बाजार अपडेट : हरा धनिया 200, सेमी, नवलगोल, कोचई 100 रूपये किलो

# आवक घटने से हरी सब्जियां फिर हुई महंगी, घर का बजट बिगड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर के बाजारों में हरी सब्जियों की बढ़ती कीमत ने एक बार फिर लोगों को परेशान कर दिया है। बढ़ते दाम की वजह से गरीब, मध्यम वर्गीय परिवार ने तो सब्जी खरीदना ही बंद कर दिया है। बाजार में सभी सब्जियों की कीमत बढ़ी हुई है। इसकी वजह से बाजार में भी ग्राहकी कमजोर है। लिवाली कमजोर होने से सब्जी व्यवसायी भी घाटे में हैं। सब्जी विक्रेता ननकू राम पटेल ने बताया कि कई सब्जियां ऐसी हैं जो थोक में भी काफी महंगी है, जिसमें मुनाफा कमाना मुश्किल है। मांग होने के बाद भी लोग पाव भर, आधा किलो ही सब्जी खरीद रहे हैं। इस वजह से हरी सब्जियां बचने लगी हैं। उनका कहना है कि जब तक सप्लाई सामान्य नहीं जाती तब तक कीमत में कमी नहीं होगी। अभी माह भर तक लोगों को अधिक दाम में सब्जी खरीदनी होगी।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार शाम को 4 बजे त्योहारी सीजन होने के चलते काफी भीड़ थी। सब्जियों के दाम ने ग्राहकों को निराश किया। सर्दी आने के बाद भी हरी सब्जियों के दाम अधिक है। सब्जी विक्रेता सुमित्रा सोनकर, शांति सोनकर ने बताया कि रविवार को हरा धनिया 200 रूपये किलो बिका। ढेंस, अदरक, मुनगा 120 से 150 रूपये किलो रहा। मिर्च, शिमला मिर्च, कोचई सेमी, नवलगोल 100 रूपये किलो बिका। गोभी, ग्वारफल्ली 80 रूपये किलो रहा तो टमाटर, परवल 60 रूपये किलो व गाजर, कुंदरू 50 रूपये किलो रहा। भटा, करेला, बरबटी, भिंडी, कुम्हड़ा, केला, पत्तागोभी, डोड़का, तोराई, मूली 40 रूपये किलो रहा। लौकी 30 रूपये किलो बिकी। सब्जी उत्पादक किसान, घासूराम पटेल ने बताया कि लोकल बाड़ियों में उत्पादित फसल पर्याप्त नहीं है इसलिए सब्जियों के दाम बढ़े हैं। नवम्बर दिसम्बर में सब्जियों के बंपर उत्पादन के बाद रेट कम हो सकते हैं।

### किराना सामान के दाम स्थिर

त्योहरी सीजन में किराना सामान के दाम नहीं बढ़ने से उपभोक्ता संतुष्ट हैं। पिछले माह भर से किराना सामान के दाम स्थिर हैं। किराना व्यापारी देवकुमार रामजी भाई ने बताया कि रविवार को आल 40, प्याज 60, शक्कर 42, गुड़ 50, खड़ी हल्दी 150-170, मिर्च खड़ी 200-300, धनिया 100, जीरा 300, काली मिर्च 780, लहसुन 300, रिफाइंड तेल पाउच 135-140, सरसों 70, मेथी 80, राहर दाल बेस्ट 120-180, मूंग दाल 110, उड़द दाल 120, मसूर दाल 85, चना देशी 90, काबुली चना 120, मटर सफेद 60, मटर हरा 110, चना दाल 100 रूपये किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 70 रूपये दर्जन रहा।

## गोपालपुरी स्कूल में बालिका स्वास्थ्य संवर्धन पर हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

डा हजारीलाल जैन शाउमावि गोपालपुरी में बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संबलपुर विद्यालय की व्याख्याता श्रीमती शशिप्रभा चन्द्राकर ने विभिन्न चार्ट के माध्यम से बच्चों को मनोरंजक ढंग से किशोरावस्था में बालिका स्वास्थ्य संवर्धन कैसे हो, अवसाद से कैसे बचा जाये, इस पर चर्चा की। गोपालपुरी उमा विद्यालय में मेगा पालक शिक्षक बैठक हुई। अतिथि शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकृष्ण साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक श्रवण कुमार कोसरिया, गैंदलाल साहू, प्राचार्य देवेन्द्र कुमार भारद्वाज और दीनदयाल साहू थे। पालकों से विभिन्न विषयों पर संवाद हुआ। सर्वप्रथम मेरा कोना इस विषय पर विरेंद्र कुमार सिन्हा ने अपनी बात रखी। श्रीमती डोलेश्वरी साहू ने आज मैंने क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक उक्त विषय पर चर्चा की। श्रीमती मीना ने दैनिक समय विभाग चक्र पर पालकों और छात्रों से संवाद किया। श्रीमती सावित्री देवांगन ने परीक्षा परिणाम और परीक्षा पर अपनी बात रखी। मिशन अव्वल में दसवीं बारहवीं के प्रथम तीन स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत किया। श्रीमती अनीता सोरी ने प्रतियोगी परीक्षा, लोरीराम महिपाल ने पुस्तक की उपलब्धता और जाति, निवास तथा आय प्रमाण पत्र पर जानकारी दी। श्रीमती संगीता पाठक ने आयुष स्वास्थ्य परीक्षण पोषाहार संबंधी जानकारी दी। श्रीमती भावना देवांगन ने डिजिटल माध्यम की उपयोगिता और डिजी लाकर पर जानकारी साझा की। प्रबंधन अध्यक्ष रामकृष्ण साहू ,एसके कोसरिया और प्राचार्य ने कहा कि बेहतर परिणाम से ही हमारी पहचान बनेगी।

## 12 हजार छात्रों ने दिलाई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

- जिले के 500 स्कूलों एवं कालेजों को बनाया गया था परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में जिले के 500 स्कूलों एवं कालेजों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें 12278 छात्र छात्राएं शामिल हुए। परीक्षा में कक्षा 5वीं से लेकर 12वीं तक के छात्रों ने परीक्षा दिलाई। परीक्षा में भारतीय संस्कृति से जुड़े प्रश्न पूछे गये थे। परीक्षा का उद्देश्य छात्रों का शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक क्षमता का विकास करना था।

गायत्री परिवार के जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि बच्चों में श्रेष्ठता, संस्कार में वृद्धि करने के उद्देश्य से गायत्री परिवार द्वारा 1994 से परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से लाखों बच्चे नैतिक गुणों से संपन्न हुए हैं। इस वर्ष 12278 बच्चों ने परीक्षा दिलाई। परीक्षा के संचालन में धन्वंतरि नाग, डा.रामचंद्र मेश्राम, प्रदीप देवांगन, लक्ष्मण यादव, मोहन गंजीर, हरीश सिन्हा, राधेश्याम साहू, रामआसरा साहू, एमन साहू, हीरालाल साहू, तीरथ साहू, मेकूराम निषाद, छबिलाल सिन्हा, पारसमणि साहू, दिनेश साहू, रेखराम साहू, वीरेंद्र सिन्हा का सहयोग रहा।

### सुभाषचंद्र बोस के राजनीतिक गुरु कौन

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में पूछे गए सवालों में वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि कब मिली, सुभाषचंद्र बोस के राजनीतिक गुरु कौन है, भारतीय संस्कृति किसे उभारती है। मातृत्व पर परदारेयु का आदर्श किसके जीवन में था। गरिमा विषय पर रचना करने किसने प्रोत्साहित किया। ऋषियों का प्राणीमात्र के प्रति क्या भाव होता है। स्वामी विवेकानंद को निवेदिता में क्या विशेषताएं दिखी। राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम किससे लिया गया। राजा भर्तृहरि ने किसे गुणों का भूषण कहा। अमृत और पारस शोक विषय किसका था। महाराष्ट्र में गणेश उत्सव परंपरा का आरंभ किसने किया। वैदित संस्कृति का प्रतीक स्वास्तिक का आशय क्या है, जैसे प्रश्न पूछे गए।

## फाइनल मैच में भिड़ेगी धमतरी रॉयल चैलेन्जर्स एवं धमतरी सुपर किंग्स की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



टैलेन्ट सर्च क्रिकेट प्रीमियर लीग का फाइनल मैच 26 अक्टूबर शनिवार को धमतरी रॉयल चैलेन्जर्स एवं धमतरी सुपर किंग्स के मध्य खेला जायेगा। सकुश गुप्ता

सहसचिव धमतरी जिला क्रिकेट संघ ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले की कुल 10 टीमों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता के समस्त मैच लीग पद्धति से खेले गए। कुरूद, भखारा तथा नगरी ब्लॉक के ड्यूज बॉल क्रिकेट खिलाड़ियों ने ग्रामीण क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

मैच 20-20 ओवर्स के हुए। समस्त मैच सफेट ड्यूज बॉल से खेले गए। फाइनल मैच 26 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे खेला जायेगा। समापन अवसर के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा होंगे। अध्यक्षता अखिलेश खंडेलवाल करेंगे।

अन्य अतिथि विंध्यवासिनी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार, भाजपा युवा नेता राजेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार दीप शर्मा, विजय गोलछा, राजेश गोलछा होंगे। धमतरी जिला क्रिकेट संघ के सचिव अजय बाबर तथा राकेश दीवान कोषाध्यक्ष ने लोगों से अपील की है कि वे पीजी कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करें।

## उत्साही युवा मंच ने सेंचुरी पार्क में की सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उत्साही युवा मंच ने सेंचुरी पार्क में सफाई अभियान की शुरुआत की है। शहर के सभी गार्डन के अवलोकन के बाद मंच के सदस्यों ने तय किया कि

प्रति रविवार को 6 से 8 बजे तक पार्क की सफाई की जायेगी। इसी कड़ी में 20 अक्टूबर को सेंचुरी गार्डन के प्रवेश स्थल ,जिम ज़ोन व योग पॉइंट तथा पाथवे के एक चौथाई हिस्से का सूखा कचरा उठाने का कार्य किया गया। कचरे को गार्बेज बैग में संकलित करने व निगम के कचरा वाहन तक डिस्पोज़ करने की भूमिका निभाई गई। प्रवेश से गार्डन के शुरुआती एरिया पर सभी ने फोकस करते हुये सूखे कचरे को इकट्ठा किया । गार्बेज बैग सहित बैनर के लिए सुनील, मुंशी, नरेन्द्र, लोकेश, प्रियांशी ने कंट्रीब्यूट किए। समाजसेविका सरिता दोशी ने ग्यारह सौ रुपए का सहयोग प्रदान किया।

इसके अलावा लिंग असमानता और एवारनेश आधारित गतविधियों में सक्रिय भागीदारी पर चर्चा करते हुये रणनीति बनाई गई। इस दौरान युवा मंच के सदस्य विराज, प्रियान्सी, भूपेन्द्र, ओम, पावित्री, टिकेश्वर, किरण, खिलेन्द्र, मुंशी, सुनील, त्रिलोक, मंदीप, वैभव और नरेन्द्र शामिल रहे।

## शिव विवाह झांकी रही आकर्षण का केंद्र





**धमतरी।** नव जागृति दुर्गा उत्सव समिति द्वारा जस गीत झांकी स्पर्धा का आयोजन विवेकानंद वार्ड में किया गया। इसमें क्षेत्र की कई मंडलियों ने भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। जय दुर्गे जस मंडली रत्नाबांधा के संरक्षक रामसिंग मंडावी एवं जयंत सेन के नेतृत्व में शिव विवाह कथा प्रसंग पर कलाकारों ने झांकी के माध्यम से बेहतरीन प्रस्तुति दी। समिति द्वारा मंडली को उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जय भारतीय जय झांकी मंडली कोसागोंदी प्रथम एवं जय मां शारदा जस मंडली बासीन ने तृतीय स्थान अर्जित किया। मौके पर केवल सिंह साहू, समिति के मुखिया जमुना चक्रधारी, सलाहकार पंडित राजकुमार तिवारी, संरक्षक गोपाल बनवासी, धनराज गुप्ता, जमुना चक्रधारी, लखन शुक्ला, हरिश्चंद्र चक्रधारी, खेमलाल, गोलू चक्रधारी, राजा नेताम, गुमान सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

## शांति, एकता का संदेश देने राइडर्स बस्तर के लिए रवाना



- बाइक रैली का हुआ स्वागत, नुक्कड़ नाटक से देंगे सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शान्ति रैली के सभी राइडर्स देशप्रेम के जज्बे से ओतप्रोत होकर मानवता, शांति, एकता, भाईचारे का पैगाम लेकर बस्तर संभाग के लिए रविवार को रायपुर से 6 दिनों की यात्रा पर रवाना हुए। रविवार की सुबह राइड फॉर पीस बाइक रैली को सर्वधर्म समाज से गोपाल साहू, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा से कुरैशी, पं. आरके तिवारी, सुषमा कुमार, जयदीप के रॉबिनसन, बाइक रैली संयोजक नितिन लॉरेंस ने हरी झंडी दिखाकर रायपुर से रवाना किया। दोपहर को धमतरी पहुंचने पर बस्तर रोड स्थित सुंदरगंज मेनोनाइट चर्च के पास शांति रैली का स्वागत किया गया। बाइक रैली में बड़ी संख्या में युवतियां व महिलाएं भी शामिल हैं। राइडर्स में उत्साह देखते ही बन रहा था। शांति का संदेश लेकर निकली बाइक रैली रायपुर से रवाना होकर धमतरी, कांकेर होते हुए जगदलपुर पहुंचकर रात्रि विश्राम करेगी।

21 अक्टूबर को सुकमा में रात्रि विश्राम, 22 को दंतेवाड़ा में रात्रि विश्राम, 23 को बीजापुर में रात्रि विश्राम, नारायणपुर में 24 अक्टूबर को रात्रि विश्राम कर 25 अक्टूबर की सुबह नारायणपुर से निकलकर शाम तक वापस रायपुर पहुंचेगी। बाइक रैली के दौरान बस्तर संभाग के सभी जिलों में समूह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक बुराइयों से दूर रहने वाले सन्देशप्रद प्रस्तुति भी देंगे।

### रामपुर स्कूल में हुई खो-खो स्पर्धा

**बगदेही(धमतरी)।** शाउमवि रामपुर में खो- खो इंट्रामुरल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल के चारों हाऊस के कैप्टन सोनी टंडन, रूपेश्वरी, यूनिता, डोमिन, नोमिका, निकिता, मारिया समेत छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

ऋग्वेद एकेडमी में गांधी- कलाम जयंती पर लगा विज्ञान मेला

## छात्रों ने बनाए वेस्ट मैनेजमेंट, सिंचाई की तकनीक के आकर्षक मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ऋग्वेद एकेडमी गोकुलपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मेन एपीजे अब्दुल कलाम की जन्म जयंती पर विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं एपीजे अब्दुल कलाम के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। स्कूल की प्राचार्य श्रीमती सूर्यप्रभा चेट्टियार ने बापू के संघर्ष की कहानी को बयां किया।

बताया कि बापू के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सात्विक आहार ,सात्विक विचारों के संदेश ने विश्व को हिला दिया। एपीजे अब्दुल कलाम भारत के 11 वें राष्ट्रपति रहे। विज्ञान के अनुसंधान क्षेत्र में उनकी उपलब्धि के कारण उन्हें मिसाइल मैन की उपाधि दी गई। कलाम कहते थे सपने वह नहीं जो आप रात में देखते हैं, सपने वे होते हैं जो आपको रात में सोने नहीं देते। विधायक श्री साहू ने कहा कि ऋग्वेद एकेडमी सांस्कृतिक विधा एवं विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी दोनों में पारंगत है। कार्यक्रम में 5 वर्ष से लेकर 12 वर्ष के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

छात्र-छात्राओं ने दैनिक उपयोग में आने वाले विभिन्न मसाले, ड्राई फ्रूट, सब्जियों, फलों के सही उपयोग एवं उससे मिलने वाले फायदे के बारे में बताया। विज्ञान मेला में विभिन्न क्रियाशील मॉडल प्रदर्शित किए गए। कक्षा चार से विभिन्न जलवायु में पेड़ पौधों का अनुकूलन (अडॉप्टेशन), कक्षा 5 से वेस्ट मैनेजमेंट, कक्षा 6 से लाई-फ़ई एवं सौरमंडल, कक्षा 7 से सिंचाई की तकनीक, कक्षा 8 से हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर के विभिन्न क्रियाशील मॉडल प्रदर्शित किए गए। अतिथियों ने इसका अवलोकन किया। पालकों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। योगासन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम में शिक्षिकाओं विनीता प्रजापति, गंगा साहू, स्वप्ना पदमवार, प्रज्ञा साहू, ज्योति मत्स्यपाल, अंजु रजक, ज्ञानेश्वरी, सविता, प्रवीणा, नेहा साहू, विम्मी साहू, दीपा, नेहा साहू का विशेष योगदान रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411